# पूर्वोदय

## पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय की त्रैमासिक हिन्दी ई-पत्रिका

### अंक : जुलाई-सितंबर, 2012



माननीय रेलमंत्री, श्री मुकुल रॉय, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, श्री जी.सी. अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी, दिनांक 01.07.2012 को आयोजित 21वाँ अंतर रेल रे.सु.ब. फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल के अवसर पर विजयी टीम एवं ट्रॉफ़ी के साथ।


| संरक्षक | प्रधान संपादक | संपादक | उप संपादक | तकनीकी सलाहकार | सहयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| जी. सी. अग्रवाल | ए. के. मित्तल | महेश्वर जामुदा | साधना सिंह | मृणाल कांति सिन्हा | सच्चिदानन्द यादव |
| महाप्रबंधक | मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि.-II) | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी | राजभाषा सहायक | कंप्यूटर इंजीनियर | राजभाषा अधीक्षक |

पूर्वोदय का नेट संस्करण www.er.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है.

# हमारी उपलब्धियाँ - सामान्य






● पश्चिम बंगाल की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती ममता बनर्जी ने यात्री यातायात हेतु नवपरिवर्तित (नैरो गेज से ब्रॉड गेज) बर्द्धमान से बलगोना सेक्शन को चालू किया। सुश्री बनर्जी ने दिनांक 28.07.2012 को बर्द्धमान में आयोजित एक कार्यक्रम में, सेक्शन में यात्री सेवा प्रारंभ करने के लिए ईएमयू गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर माननीय रेलमंत्री श्री मुकुल रॉय एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

● पश्चिम बंगाल की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती ममता बनर्जी ने दिनांक 27.07.2012 को बोलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में नवनिर्मित बोलपुर म्यूजियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, माननीय रेलमंत्री, श्री मुकुल रॉय एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



● सियालदह में दिनांक 18.07.2012 को डॉ. बी.सी. रॉय इंस्टीच्यूट में पूर्व रेलवे की 116वीं जेड आर यू सीसी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 44 सदस्यों ने भाग लिया और पूर्व रेलवे से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।





- दिनांक 20.07.2012 को कोलकाता में अपने अध्ययन दौरे के दौरान, गवर्नमेंट एश्योरेंस कमिटी, राज्य सभा ने पूर्व रेलवे के साथ बैठक की और बजबज स्टेशन के कोमागाटा मारू बजबज स्टेशन के रूप में पुनर्नामकरण की स्थिति पर चर्चा की।

- 15 अगस्त, 2012 को पूर्व रेलवे मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में समारोहपूर्वक 66वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया।

- 20 अगस्त को भारत के स्वर्गीय प्रधानमंत्री, श्री राजीव गांधी की वर्षगांठ को पूरे देश में 'सद्भावाना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 21 अगस्त, 2012 को पूर्व रेलवे की सभी इकाइयों में "सद्भावना शपथ" ली गई।

- जुलाई'11 की 4.277 एम टी रेवेन्यू लोडिंग की तुलना में, जुलाई '12 में 4.772 एम टी रेवेन्यू लोडिंग रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.57% अधिक रही।

- अगस्त'11 में 3.971 एमटी रेवेन्यू लोडिंग की तुलना में, अगस्त '12 में 4.590 एम टी रेवेन्यू लोडिंग हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.59% अधिक रही।

- माननीय सांसद, श्री स्वप्न देवनाथ ने दिनांक 11.08.2012 को पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के बैण्डेल-कटवा सेक्शन में धातृग्राम और समुद्रगढ़ स्टेशन के बीच नांदाईग्राम हॉल्ट स्टेशन का उद्घाटन किया।



**दिनांक 15.08.2012 को 66वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर श्री जी. सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे एवं अन्य अधिकारी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए परिलक्षित हैं।**





- दिनांक 12.08.2012 को माननीया सांसद डॉ. रत्ना दे नाग ने बैण्डेल-कटवा सेक्शन में बांसबेड़िया और त्रिवेणी स्टेशनों के बीच हाजी मुहम्मद मोहसिन हॉल्ट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।




**गेज परिवर्तन :**

- कृष्णनगर -आमघाटा (8.29 कि.मी.) सेक्शन (कृष्णनगर-नवद्वीप घाट गेज परिवर्तन) : जुलाई, 2012 के दौरान, 1.0 कि.मी. और कुल 6.0 कि.मी. फॉर्मेशन कार्य पूरा कर लिया गया।

**लक्षित कार्य : (अगस्त, 2012 के दौरान)**

- कृष्णनगर-आमघाटा (8.29 कि.मी.) सेक्शन (कृष्णनगर-नवद्वीपघाट गेज परिवर्तन का एक भाग) : अगस्त, 2012 के दौरान, 200 एम$^3$ ब्लैंकेटिंग और 1500 एम$^3$ बैलेस्टिंग की गई।

**नई लाइन :**

**लक्षित कार्य :**

- चंदन-कटूरिया (15.60 कि.मी.) सेक्शन (देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन का पार्ट) :- जुलाई, 2012 के दौरान, एक वृहत् सेतु (नं. 44 स्पैन 1x18.3 एम कंपोजिट गर्डर) का कार्य पूरा कर लिया गया।
- काकवारा-खरझौसा (9.10 कि.मी.) सेक्शन (देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन का पार्ट) :- जुलाई, 2012 के दौरान, 12,000 एम$^3$ भूमिकार्य और 1000 एम$^3$ ब्लैंकेटिंग कार्य पूरे कर लिए गए।
- आरामबाग-गोघाट (9.45 कि.मी.) सेक्शन (तारकेश्वर-विष्णुपुर नई लाइन का पार्ट) :- जुलाई, 2012 के दौरान, 2000 एम$^3$ भूमिकार्य, 2500 एम$^3$ ब्लैंकेटिंग एवं सेतु कार्य में आर सीसी के 500 एम$^3$ कार्य पूरे कर लिए गए।
- चंदन-कटूरिया (15.60 कि.मी.) सेक्शन (देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन का पार्ट) :- अगस्त, 2012 के दौरान, 4000 एम$^3$ भूमिकार्य पूरे कर लिए गए।
- काकवारा-खरझौसा (9.10. कि.मी.) सेक्शन (देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन का पार्ट) :- अगस्त, 2012 के दौरान, 1600 एम$^3$ ब्लैंकेटिंग कार्य पूरा कर लिया गया।

**दोहरीकरण**

**लक्षित कार्य**

- कालीनारायणपुर-फुलिया (8.66 कि.मी.) सेक्शन (कालीनारायणपुर-शांतिपुर दोहरीकरण का पार्ट) :- जुलाई, 2012 के दौरान, 10,000 एम$^3$ भूमिकार्य, 500एम$^3$ ब्लैंकेटिंग और कोर्स सैंड फीलिंग का कार्य किया गया।
- कृष्णनगर-बेथुआडहरी (27.92 कि.मी.) दोहरीकरण:- 24 कि.मी. फॉर्मेशन कार्य पूरा कर लिया गया। सेतु सं. 17/ए (2x76. 3 एम+1x45.7 एम+3x18.3 एम)- जुलाई, 2012 के दौरान, एक अदद 45.7 एम गर्डर लांच किया गया और 18.3 एम कंपोजिट गर्डर के 2 स्पैन का निर्माण किया गया।
- जियागंज-भगवानगोला (11.52 कि.मी.) सेक्शन (लालगोला-जियागंज दोहरीकरण का पार्ट) :- जुलाई, 2012 के दौरान, 4 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग की गई।
- तीन पहाड़ - तालझाड़ी (9.78 कि.मी.) सेक्शन (तीन पहाड़-साहेबगंज दोहरीकरण का पार्ट) जुलाई, 2012 के दौरान, 1252 एम$^3$ भूमिकार्य, 5720 एम$^3$ ब्लैंकेटिंग कार्य किया गया।
- कालीनारायणपुर-फुलिया (8.66 कि.मी.) सेक्शन (कालीनारायणपुर-शांतिपुर दोहरीकरण का पार्ट) :- अगस्त, 2012 के दौरान, 200 एम$^3$ बैलस्ट की आपूर्ति की गई और 1 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग की गई।



श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, मुख्यालय में 31.07.2012 को आयोजित पी आर ई एम बैठक में संबोधित करते हुए। साथ में, श्री नवीन टंडन, अपर महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे एवं अन्य प्रतिभागी।

## अन्य उपलब्धियाँ

**जुलाई, 2012 के दौरान पूरे किए गए यात्री सुख-सुविधा संबंधी कार्य :-**

- आसनसोल मंडल के जामतारा में जलापूर्ति की समस्या को 3 एच पी पंप सहित डीप ट्यूबवेल सफलतापूर्वक चालू किए गए। उस वेल की औसत आपूर्ति लगभग 8000 लीटर/घंटे है।
- हावड़ा मंडल में रिसड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 4 को यात्री गाड़ियों के सुगम संचालन हेतु समुन्नत बनाया गया।
- आसनसोल मंडल में मधुपुर के नए स्टेशन भवन का कार्य पूरा कर लिया गया और उसे जनता के उपयोग हेतु खोल दिया गया। जुलाई माह में इस भवन के निर्माण के साथ यात्रियों के लिए रिफ्रेशमेंट रूम, प्रतीक्षालय एवं स्टाफ के लिए कार्यालय जैसी सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।
- हावड़ा मंडल के 2 अदद स्टेशन भवन (बेहुला एवं सोमड़ाबाजार) को नवीकृत किया गया।
- आसनसोल मंडल के सालनपुर एवं रूपनारायणपुर में 02 नए प्लेटफॉर्म शेल्टर सहित, रूपनारायणपुर में 05 अदद लीन-टू-शेड लगाए गए।
- सियालदह मंडल में 600 स्क्वायर मीटर प्लेटफॉर्म सतह को समुन्नत कर, संपूर्ण रूप से नवीकृत किया गया।
- माह के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर 20 अदद प्लेटफॉर्म बेंच लगाई गई।
- जुलाई माह के दौरान, श्रावणी मेला के यात्रियों के सुख-सुविधार्थ मालदा मंडल के सुल्तानगंज स्टेशन पर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था और दो अतिरिक्त वाटर कूलर लगाए गए।
- सियालदह मंडल के लालगोला स्टेशन पर एक सबमर्सिबल पंप चालू किया गया।
- सियालदह मंडल के प्लासी स्टेशन पर एक हाई मास्ट टावर चालू किया गया।

**अजय नदी जल आपूर्ति परियोजना :-** जसीडीह में लंबे समय से चल रही, जलापूर्ति की समस्या से निपटने के लिए, जसीडीह से लगभग 7.5 कि.मी. दूर अजय नदी से जल प्राप्त करने के लिए एक कार्य (वर्क) को मंजूरी दी गई और अब वह कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिसमें 7.5 कि.मी. लंबाईवाले पाइप लाइन के साथ 10 एच पी सहित दो अदद रिवर बेड बोरवेल (प्रत्येक 300 एम एम डाया और 12.0 एम डेप्थ) को चालू किया गया।

**अगस्त, 2012 के दौरान यात्री सुख-सुविधा संबंधी निम्नलिखित कार्य पूरे कर लिए गए :-**

- माह के दौरान हावड़ा मंडल के 02 अदद एफ ओ बी (स्वाधीनपुर और पाकुड़) का कार्य पूरा कर लिया गया।
- हावड़ा मंडल के टिकियापाड़ा कोचिंग कम्प्लेक्स में 03 अदद आयरन रिमूवल प्लांट प्रतिस्थापित कर चालू किए गए।
- सियालदह स्टेशन पर प्लेटफॉर्म सं. 1ए का विस्तार कार्य पूरा कर लिया गया।
- सियालदह मंडल के पगलाचंडी स्टेशन पर एक 2500 जीपीएच कैपेसिटीयुक्त सबमर्सिबल पंप चालू किया गया।
- सियालदह मंडल में 400 स्क्वायर मीटर प्लेटफॉर्म सतह समुन्नत कर, संपूर्ण रूप से उसे नवीकृत किया गया।
- माह के दौरान सियालदह एवं हावड़ा मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर 01 अदद डीप ट्यूबवेल, 10 अदद हैंड ट्यूबवेल एवं 04 अदद अतिरिक्त टैप वाटर कनेक्शन लगाए गए।

# राजभाषा की गतिविधियाँ





**श्री ए.के. मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी, पूर्व रेलवे, मुख्यालय में दिनांक 25.07.2012 को आयोजित कार्यक्रम में हिंदी भाषा (प्रवीण, प्राज्ञ), आशुलिपि एवं टंकण प्रशिक्षण में उत्तीर्ण कार्मिकों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए।**

## हिन्दी कार्यशाला (जुलाई 2012)

- 16 जुलाई से 21 जुलाई, 2012 तक हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 144 कार्मिकों को दैनंदिन कार्य हिंदी में करने का पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया गया।
- 23 जुलाई, 2012 से 27 जुलाई, 2012 तक जमालपुर कारखाने एवं लिलुआ कारखाने में विशेष हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गईं।
- 1 अगस्त एवं 02 अगस्त, 2012 को हावड़ा मंडल में अधिकारियों के लिए हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला आयोजित की गई।
- मुख्यालय में 25.07.2012 को मुराधि की अध्यक्षता में मई/2011 एवं नवंबर/2011 सत्र के हिन्दी भाषा प्रशिक्षण, आशुलिपि एवं टंकण प्रशिक्षण में उत्तीर्ण कार्मिकों को प्रमाणपत्र एवं नकद-पुरस्कार प्रदान किया गया।
- जुलाई माह के दौरान मालदा मंडल में नियम 8 (4) के तहत बरियारपुर स्टेशन, सहायक यांत्रिक इंजीनियर, साहेबगंज एवं सहायक इंजीनियर, साहेबगंज कार्यालय को व्यक्तिशः आदेश जारी किया गया।

## सृजन आयाम

- 18.07.2012 को जेड आर यू सी सी की बैठक में प्रस्तुत स्थिति-पत्रक द्विभाषी में उपलब्ध कराया गया।
- पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, श्री जी.सी. अग्रवाल ने दिनांक 13.08.2012 को पूर्व रेलवे, मुख्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'प्रतिबिंब' एवं त्रैमासिक ई-पत्रिका 'पूर्वोदय' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी, श्री ए.के. मित्तल एवं अन्य अधिकारी, कार्मिक उपस्थित थे।



## प्रेरक वचन (जुलाई 2012)

कांचरापाड़ा कारखाने में माह के दौरान सवारी गाड़ियों एवं ईएमयू के 59 परंपरागत डिब्बों पर राष्ट्रीय भावना को उजागर करनेवाले प्रेरक वचन "हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा" अंकित किए गए।

## राजभाषा कार्य प्रबंधन बैठक :-

मुख्यालय में 12.07.2012 को वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/मुख्यालय की अध्यक्षता में उक्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्यालय/मंडलों/कारखानों/डिपो के राधि, राधी एवं रास उपस्थित हुए। बैठक में वराधि ने धारा 3(3) के अनुपालन, राजभाषा संबंधी निरीक्षण, भाषा प्रशिक्षण, व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना, अनुवाद सरलीकरण एवं हिंदी नाट्योत्सव पर विस्तृत चर्चा की।

## क्षेत्रीय रेल हिन्दी नाट्योत्सव का आयोजन (अगस्त - 2012)

21 एवं 22 अगस्त, 2012 को क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्य-मंचन प्रतियोगिता का डॉ. बी.सी. रॉय इंस्टीच्यूट, सियालदह में आयोजन किया गया। लिलुआ कारखाने द्वारा मंचित 'बनवारी' नाटक को प्रथम नाटक घोषित किया गया।

22.08.2012 को ही नाट्य मंचन के उपरांत सांस्कृतिक अनुष्ठान/ गीत-संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाप्रबंधक महोदय ने उक्त अनुष्ठान के लिए राजभाषा विभाग, पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय को रु. 25,000/- का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

27.08.2012, 28.08.2012 एवं 29.08.2012 को पूर्व रेलवे के विभिन्न कार्यालयों, मंडलों, कारखानों एवं डिपो में क्रमशः हिंदी निबंध, टिप्पण-आलेखन एवं वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## हिंदी पखवाड़ा 2012 का आयोजन

पूर्व रेलवे में मंडलों, कारखानों एवं डिपो में 1 सितम्बर से 14 सितंबर तक एवं रेल मुख्यालय में 14 सितम्बर, 2012 से 28 सितंबर, 2012 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। हिंदी पखवाड़े के क्रम में पूर्व रेलवे मुख्यालय की त्रैमासिक हिन्दी पत्रिकाओं-प्रतिबिंब एवं पूर्वोदय का प्रकाशन, क्षेत्रीय स्तर पर भी हिंदी निबंध, टिप्पण-आलेखन एवं वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ-साथ, हिन्दी प्रश्नोत्तरी, हिंदी कंप्यूटर कार्यशाला, राजभाषा कार्य प्रबंधन, कार्य समीक्षा/समिति की बैठकें आयोजित कर हिंदी के कार्यकलाप की समीक्षा की गई।

### संपर्क सूत्र

पत्राचार का पता :-
संपादक, पूर्वोदय
पूर्व रेलवे,
प्रधान कार्यालय,
17, नेताजी सुभाष रोड,
कोलकाता-700001.

फोन - (033) 22224171
22224158
मो. 09002020623

ईमेल-
purvoday_hindi@yahoo.co.in

पूर्वोदय के प्रकाशन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हम आपके सुझाव भरे ई-मेल/फोन एवं पत्रों का स्वागत करेंगे.

- संपादक

पत्रिका का वितरण निःशुल्क है.

पूर्वोदय में प्रकाशित रचनाओं में लेखक के विचार अपने हैं तथा इन विचारों से रेल प्रशासन की सहमति आवश्यक नहीं है.






श्री ए.के. मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी, पूर्व रेलवे, डॉ. बी.सी. रॉय इंस्टीच्यूट, सियालदह में दिनांक 21.08.2012 एवं 22.08.2012 को आयोजित क्षेत्रीय रेल हिन्दी नाट्योत्सव-2012 के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए। उस अवसर पर मंचित हिंदी नाटक का एक दृश्य।

**दिनांक 21.08.2012 एवं 22.08.2012 को डॉ. बी.सी. रॉय इंस्टीच्यूट, सियालदह में आयोजित क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव-2012 की झलकियां ।**



















